भारतीय रिज़र्व बैंक
Reserve Bank of India
कृषि बैंकिंग महाविद्यालय
College of Agricultural Banking

बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत्त – भारिबैं, कृबैंम, पुणे में स्टेशनरी मदों, मुद्रित स्टेशनरी और कंप्यूटर उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिए वेंडर का पैनल तैयार करना।

स्टेशनरी मदों, मुद्रित स्टेशनरी और कंप्यूटर उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिए वेंडरों का पैनल तैयार करने संबंधी 04 फरवरी 2026 को जारी निविदा सूचना के विषय में बोली-पूर्व बैठक, 11 फरवरी, 2026 को सुबह 11.00 बजे कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, पुणे में आयोजित की गई। प्रतिभागियों की सूची सारणी में दी गई हैं।

2. संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा और उनके स्पष्टीकरण नीचे दिए गए हैं:

क्रम संख्या	वेंडर द्वारा पूछे गए प्रश्न	स्पष्टीकरण
1	क्या निविदा आवेदन और दस्तावेजों के साथ उद्धरण दिया जाना है?	बैंक द्वारा सफल बिडर को संतोषजनक कार्यनिष्पादन की शर्त पर तीन वर्ष के लिए पैनल में शामिल किया जाएगा। पंजीकृत बोलीदाताओं से स्पर्धात्मक बोलियाँ मांगी जाएगी और L1 बोलीदाता को 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक करार सौपा जाएगा। तदनंतर, बैंक द्वारा पंजीकृत विक्रेताओं से पैनल की वैधता तक वार्षिक आधार पर वार्षिक करार के लिए वित्तीय बोलियाँ मांगी जाएगी ।
2	क्या स्टेशनरी की सभी श्रेणियों के लिए समान दस्तावेजों की आवश्यकता है?	कृपया निविदा दस्तावेज के पैराग्राफ 2 और 3 को देखें।
3	क्या बैंकर द्वारा जारी सॉल्वेंसी प्रमाण पत्र निविदा दस्तावेज में मांगे गए प्रारूप (अनुलग्नक II) में या किसी अन्य प्रारूप में स्वीकार किया जाएगा?	कृपया निविदा दस्तावेज के पैराग्राफ 2 को देखें।

4	क्या बैंकर का प्रमाण पत्र फर्म के पत्र-शीर्षक पर दिया जाना है?	बैंकर का प्रमाण पत्र बैंक के पत्र-शीर्षक पर होना चाहिए, जो निविदा दस्तावेज के प्रोफार्मा अनुलग्नक II के अनुसार मूल रूप में होना चाहिए।
5	कितनी राशि का सॉल्वेंसी प्रमाण पत्र आवश्यक है?	संबंधित श्रेणी की ऊपरी सीमा के बराबर राशि, जिसके लिए पैनल में शामिल करने की मांग की गई हो ।
6	क्या जूट बैग और कस्टमाइज्ड स्टेशनरी वस्तुओं के लिए विशिष्ट आवश्यकताएं हैं?	जूट बैग और कस्टमाइज्ड स्टेशनरी का विवरण कोटेशन मांगते समय निर्दिष्ट किया जाएगा।

सारणी

क्र. सं.	**भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारी/कर्मचारी का नाम**	**पद**
1.	श्री नरेंद्र ढोणे	सहायक महाप्रबंधक
2.	श्री कुलदीप सुर्यवंशी	सहायक प्रबंधक
3.	श्री रोहित नाईकवाडे	सहायक
क्र. सं.	**विक्रेता के प्रतिनिधि का नाम**	**संगठन का नाम**
1.	श्री राहुल सालुंखे	मैसर्स धनराज प्रिंटर्स
2.	सुश्री मुस्कान सिंह	मैसर्स सृष्टि
3.	श्री राकेश बिष्ट	
4.	श्री रोहित पारखे	मेसर्स श्री महावीर स्टेशनर्स
5.	श्री सुदर्शन	मेसर्स न्यू पीपीसी स्टेशनरी एंड प्रिंटिंग हब